# शहर में जर्जर भवनों का करें मौका मुआयना

## कलेक्टर सिंह ने अधिकारियों को दिए निर्देश

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 7 जुलाई. कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने सोमवार को समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक की.**

बैठक में एडीएम भूपेन्द्र गोयल, प्रकाश नायक, अंकुर मेश्राम, सभी एसडीएम एवं संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे. बैठक में कलेक्टर सिंह ने सभी विभागीय कार्यों को तय समयावधि में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करने के निर्देश दिए.




उन्होंने स्पष्ट कहा कि लापरवाही एवं ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी और प्रत्येक अधिकारी को अपने दायित्व का गंभीरतापूर्वक निर्वहन करना होगा. कलेक्टर सिंह ने खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि अमानक खाद एवं कालाबाजारी पर दंडात्मक कार्यवाही की जाए, ताकि किसान हितों की रक्षा की जा सके. उन्होंने कृषि संबंधी जानकारी लेते हुए मूंग दाल की खरीदी, धान एवं सोयाबीन की बोनी की प्रगति की समीक्षा भी की. कलेक्टर सिंह ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में जर्जर भवनों, विद्यालयों एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों का सघन निरीक्षण करें तथा सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक मरम्मत अथवा निष्कासन की कार्यवाही शीघ्र की जाए. साथ ही पुल-पुलियों एवं जल संरचनाओं पर जल निकासी की वास्तविक स्थिति की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए, जिससे संभावित आपदाओं से पूर्व नियंत्रणात्मक उपाय सुनिश्चित किए जा सकें.

उन्होंने नामांतरण, सीमांकन एवं बंटवारे के प्रकरणों का विशेष अभियान चलाकर आगामी 7 दिवस में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए.

> कलेक्टर सिंह ने एक पेड़ मां के नाम अभियान को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम एवं जिला पंचायत को वृक्षारोपण के लक्ष्यों की पूर्ति युद्ध स्तर पर करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि जन-सहभागिता से संचालित एक हरित क्रांति है. कलेक्टर सिंह ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में दर्ज 50 दिन से अधिक समय से लंबित शिकायतों के प्राथमिकता से निराकरण के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि यह जनविश्वास से जुड़ा विषय है.

# राजधानी में जाम, रेंगते रहे हजारों वाहन



**भोपाल, 7 जुलाई. सोमवार को दोपहर से शुरू हुई तेज बारिश से देररात तक राजधानी भींगती रही. कई स्थानों पर यह बारिश लोगों के लिए परेशानी का कारण भी बनी.**

शाम के समय एमपी नगर जोन-1 से लेकर जीजी फ्लाईओवर और रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के सामने तक करीब एक घंटे से अधिक समय तक ट्रैफिक जाम की स्थिति रही.

फ्लाईओवर पर जाम में एक एंबुलेंस भी फंसी रही. राहगीरों के साथ-साथ ऑफिस टाइम में लौट रहे वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा. एमपी नगर थाने से लेकर हबीबगंज नाके तक हजारों वाहन रेंगते नजर आए. बताया जा रहा है कि जीजी फ्लाईओवर के अंत में यानी हबीबगंज नाके के पास बारिश का पानी भर जाने से गाड़ियां धीमी हुई और ट्रैफिक जाम लग गया. बारिश की वजह से सड़क पर फिसलन और जलभराव ने हालात को और बिगाड़ दिया.

# कलेक्टर से बयां खराब सड़क का दर्द

## अशोका गार्डन थाने से एकतापुरी तक मेन रोड़ पूरी जर्जर

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 7 जुलाई. राजधानी में खराब सड़कों की समस्या को लेकर आप के नेता कलेक्टर के पास पहुंचे. सोमवार को दौरान नेता और रहवासियों ने अपनी बात रखी.**

वार्ड क्रमांक 38 के रहवासियों का कहना है कि अशोका गार्डन थाने से एकतापुरी तक की मेन रोड़ पूरी जर्जर हो चुकी है. जिसके चलते दुर्घटनाएं होने की आशंका बनी होती है. रास्ते से आवागमन करने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा. इस समस्या को लेकर कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह से चर्चा की गई. आप पार्टी के जिलाध्यक्ष सीपी सिंह चौहान, जिला उपाध्यक्ष धनेन्द्र धुवारे, सुमित सिंह चौहान, शैलेन्द्र कुमार नागले ने रोड़ की समस्या का निराकरण करने के लिए ज्ञापन सौंपा. कलेक्टर सिंह ने निगम अधिकारियों को सड़कों का निरीक्षण करने को कहा है.



## पार्वती नदी के वैकल्पिक मार्ग से आवागमन बंद

**भोपाल.** जिला प्रशासन ने बारिश के दौरान लोगों की सुरक्षा को देखते हुए बैरसिया-नरसिंहगढ़ मार्ग पर पार्वती नदी के बरायठा पुल की तकनीकी स्थिति और मानसून के दौरान संभावित जल वृद्धि को देखते हुए इस मार्ग से आवागमन पूरी तरह से बंद कर दिया गया है. मप्र सड़क विकास निगम भोपाल द्वारा पूर्व में पार्वती नदी में से रेत, कोपरा और बोल्डर का उपयोग कर पुल के समांतर एक वैकल्पिक मार्ग तैयार किया गया था ताकि यातायात सुचारु रूप से संचालित हो सके. लेकिन वर्तमान में लगातार हो रही वर्षा और नदी के जलग्रहण क्षेत्रों से पानी के बढ़ते बहाव को देखते हुए यह मार्ग जान-माल के लिए खतरे का कारण बन सकता है.

# दिनभर रुक-रुककर बारिश से सड़कें जलमग्न

## कई इलाकों में जलभराव, बारिश के बीच फर्राटे भरते रहे वाहन चालक

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 7 जुलाई. राजधानी में सोमवार को हुई बारिश से कई क्षेत्रों में जलभराव की समस्या भी उत्पन्न हुई. शहर में एमपीनगर डीआईसी के सामने, न्यू मार्केट सहित क्षेत्रों में दिनभर की हुई धीमी बारिश से यहां पर बने मकान और सड़कें पानी से तर-बतर हो गई.**

इसके साथ ही एअरपोर्ट रोड़ पर दाता कालोनी, सिंधी कालोन, सेफिया कॉलेज सहित कई क्षेत्रों की सड़कों पर जलभराव की स्थिति बनी रही. जिससे कि आवागमन करने वाले कई वाहन चालक परेशान होते भी नजर आए. सड़कों पर आवागमन करने वाले लोग भीग कर बारिश का लुफ्त उठाते हुए भी नजर आए.



> मंगलवार को भी बारिश की संभावना को लेकर मौसम विभाग ने पूर्वानुमान लगाया है. इस दौरान करीब 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं भी चलेंगी. प्रदेशभर में बारिश को लेकर आरेंज और येलो अलर्ट जारी किया गया है.

मानसून की सक्रियता से हर रोज शहर में बारिश का दौर जारी है. भोपाल सहित प्रदेशभर में फिलहाल 11 जुलाई तक झमाझम बारिश के आसार बने हुए हैं.


# गांधीनगर मंडी में जमा कचरे से फैल रही बदबू

## वार्ड दरोगा ने कहा दुकानदार नहीं कर रहे सहयोग

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 7 जुलाई. राजधानी के गांधीनगर बस स्टैंड के पास की मंड़ी में कचरे की समस्या आए दिन बनी रहती है. इस पर स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि निगम का कचरा गाड़ी लगातार नहीं आती है. जिसके चलते कचरा एकत्रित हो जाता है. यही कारण है कि बारिश के दिनों में इक्कठा हुए कचरे से बदूब की समस्या भी बनी रहती है. सड़े-गले कचरे को मवेशी भी खा रहे हैं.**

स्थानीय दुकानदार हबीब ने बताया कि मंडी में कचरे की समस्या हमेशा बनी रहती है. जिसके चलते व्यापारी और ग्राहक दोनों ही परेशान होते हैं. सब्जी का मंड़ी में कारोबार करने वाले रिषिभ ने बताया कि स्वच्छता को लेकर सभी का सहयोग होना बेहद जरुरी है. कई बार कुछ दुकानदार लापरवाही करते हुए कचरे को कहीं भी फेंक कर चले जाते हैं. जिससे सभी को परेशानियां होती है.



> बस स्टैंड के पास संचालित मंडी में बनी इस समस्या को लेकर वार्ड दरोगा नितिन देहरान का कहना है कि निगमकर्मी नियमत स्वच्छता का विशेष ख्याल रखते हैं. नितिन ने बताया कि मंडी के व्यापरियों से इस संबंध में कई बार मीटिंग कर डस्टबिन लाकर उसमें ही कचरा एकत्रित करने की बात कही गई है. इसके बावजूद क्षेत्र में कचरा रखने के डस्टबिन का प्रयोग नहीं किया जा रहा है. कचरे को सही जगह डालने की अपील कई बार की जा चुकी है. इसके बावजूद भी लोग इस पर अमल नहीं कर रहे हैं.

# दिव्यांग विनय ने जताई दावेदारी

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 7 जुलाई. मप्र कांग्रेस पार्टी में दिव्यांग कार्यकर्ताओं की भागीदारी पर नेता खुशी जाहिर कर रहे हैं. पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता विवेक त्रिपाठी ने बताया कि सतना जिले के विनय पांडे दिव्यांग हैं और रिक्शा चलाते हैं.**

उन्होंने युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी जताई है. त्रिपाठी ने कहा कि विनय की इस पहल से स्पष्ट होता है कि पार्टी समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है. दिव्यांग जनों को भी संगठन में उचित स्थान और सम्मान देने का संकल्प भी पार्टी रखती है.


विवेक ने कहा कि विनय पांडे की इस जज्बे से यह संदेश जाता है कि समाज में बदलाव तभी संभव है. जब सभी वर्गों को समान अवसर प्रदान किए जाएं। आगामी संगठन में वे प्रदेश के महत्वपूर्ण पदाधिकारी बनेंगे. जो युवा नेतृत्व और दिव्यांग जनों के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है.



# गोपी शेट्टी प्रांत प्रमुख मनोनीत

**भोपाल. अखिल विश्व सत्य सनातन संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदित भदोरिया ने संघ का विस्तार करते हुए राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष महंत डॉ. गोविन्द नारायण चित्रगुप्त की अनुशंसा एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी की सहमति से हैदराबाद के सनातन के प्रचारक गोपी शेट्टी श्रीनिवास को तेलंगाना प्रांत का प्रदेश अध्यक्ष प्रांत प्रमुख मनोनीत किया है.**

तेलंगाना प्रांत के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष प्रांत प्रमुख गोपी शेट्टी श्रीनिवास पूर्व से ही सनातन के प्रचार-प्रसार में लगे हुए हैं. वे सनातन संस्कृति प्रेमी एवं अष्टांग मार्ग तथा वसुदेव कुटुंबकम के सिद्धांतों पर चलने वाले व्यक्तित्व हैं. गोपी शेट्टी को निर्देशित किया गया है कि वे तेलंगाना प्रांत के सभी 33 जिलों एवं संभागों में जिला प्रमुखों एवं संभाग प्रमुखों का मनोनयन करें एवं पूरे तेलंगाना प्रांत के गांव गांव तक सनातन का प्रचार प्रसार करेंगे.



# बौद्ध विहार में भिक्खुनी संघ का भोजन दान

**भोपाल. महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन के समर्थन लिए भोपाल में सामनेरी संघ की दीक्षा हुई है. इस आंदोलन को समर्थन देने के लिए केलझर वर्धा से भिक्खुनी सुनिधि एवं भिक्खुनी विजया मैत्री अपने साथियों से साथ भोपाल आगमन हुआ है.**

आंदोलन के बाद सभी आंदोलनकारियों के लिए कोलार रोड नम्रता नगर के त्रिशरण बुद्ध विहार में सामूहिक भोजन दान का कार्यक्रम रखा गया. इसके पूर्व भिक्खुनी संघ ने उपस्थित प्रबुद्ध जनों को त्रिशरण पंचशील दिया. भोजन के बाद भिक्खुनी संघ की देशना हुई. समिति के पीबी वासनिक एवं सुरेश जाधव ने बताया कि देशना के भिक्षुणी सेकंड स्टाप पर आयोजित धरना स्थल पर भी शामिल हुई. इस अवसर पर भारतीय बौद्ध महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रबोधि पाटिल, मोहन पाटिल, धम्म रतन सोमकुवंर अशोक पाटिल, मनोज मानिक, वामन जंजाले, रामू गजभिए, विजय कुमार काके, संदीप सपकाले, गौतम पाटिल सहित सैकड़ों उपासक-उपासिकाएं उपस्थित थे.



# क्लीनिकों को दिखाना होगा डिग्री

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 7 जुलाई. जिले में चल रहे क्लिनिक्स का अगले 15 दिनों तक सघन निरीक्षण किया जाएगा. इस सम्बन्ध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल कार्यालय द्वारा सभी एसडीएम को जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं.**

सब डिविजनल मेडिकल ऑफिसर द्वारा अपने क्षेत्रों में संचालित क्लिनिक्स का मप्र उपचार्यगृह एवं रूज़ोपचार संबंधी स्थापना अधिनियम के प्रावधानों के तहत जांच की जाएगी. सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा ने बताया कि निर्धारित अनुमतियां लेकर ही चिकित्सा व्यवसाय किया जाना अनिवार्य है. स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा जिले में अलग अलग स्थानों पर जांच के दौरान नियम विरूद्ध संचालित निजी स्वास्थ्य संस्थाओं पर कार्यवाही भी की जा रही है. सघन निरीक्षण के दौरान चिकित्सा व्यवसायी द्वारा क्लीनिक का वैध पंजीयन एवं लाइसेंस प्रस्तुत नहीं करने पर नर्सिंग होम एंड क्लीनिक एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के प्रावधानों के अनुरूप वैधानिक कार्यवाही की जाएगी. निरीक्षण के दौरान डिग्री, चिकित्सा पद्धति, काउंसिल का पंजीयन, मप्र उपचार्यगृह एवं रूज़ोपचार संबंधी स्थापना अधिनियम, जैव चिकित्सा अपशिष्ट अधिनियम, गुमास्ता लाइसेंस की जांच की जाएगी.

> सीएमएचओ ने क्लीनिकों की जांच के दिए निर्देश

# पेंशन कार्यालय में 500 प्रकरण लंबित

## कर्मचारी संघठनों ने एसीएस वित्त तक पहुंची शिकायत

**भोपाल. जिला पेंशन कार्यालय में सालों से सैकड़ों लंबित प्रकरणों का समाधान न होने के कारण कर्मचारी संगठनों का आक्रोश अब सतह पर दिखाई देने लगा है. कुछ कर्मचारी संगठनों ने जिम्मेदार अफसरों को सीधे जिम्मेदार ठहराया है.**

रिटायर सेवकों की परेशानियों को देखते हुए राज्य कर्मचारी संघ ने जैसे ही इस मामले की शिकायत अपर मुख्य सचिव वित्त को की तो तत्काल जांच के आदेश भी शुरू हुए हैं. पिछले दिनों इस संदर्भ में संगठन के महामंत्री जितेन्द्र सिंह ने जिला पेंशन अधिकारी अरविंद गुप्ता से दूरभाष पर बात की थी. तब उनके द्वारा प्रकरणों के गंभीर मामलों में कोई सकारात्मक जवाब ना देते हुए शिष्टाचार के मापदंडों से अलग हटकर बात की गई थी. इस मामले में कर्मचारी संघ के महामंत्री जितेन्द्र सिंह ने चिट्ठी के माध्यम से अपना तार्किक पक्ष अपर मुख्य सचिव वित्त विभाग के समक्ष रखते हुए कार्यवाही की मांग की थी. इस पत्र पर संज्ञान लेते हुए एसीएस ने तत्काल जांच के निर्देश दिए हैं. संगठन के कोषाध्यक्ष केवी मेवाड़े का कहना है कि यह गंभीर मामला है. राज्य कर्मचारी संघ के महामंत्री से अपशब्दों का उपयोग करना पेंशन अधिकारी की मनमानी को दर्शाता है.

> **सेवानिवृत्त कर्मचारी लगा रहे चक्कर**
>
> मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के महामंत्री जितेंद्र सिंह का कहना है कि जिले में करीब 500 ऐसे कर्मचारी है जो कई महीनो पूर्व रिटायर हुए हैं. लेकिन उनके प्रकरणों का निराकरण नहीं किया जा रहा है. जितेंद्र सिंह का कहना है कि इसी मामले में एक दिव्यांग कर्मचारी के प्रकरण को लेकर जिला पेंशन अधिकारी से उन्होंने बात की थी. लेकिन उन्होंने इसमें न्याय देने की बजाय उन्होंने जिस प्रकार के शब्दों का उपयोग किया.

**कार्यशाला** — सेफ्टी एवं फैमिली सेमीनार का आयोजन, रेलवे स्टाफ और परिजन हुए शामिल

# संतुलित आहार, योग से स्वस्थ रहने के उपाय बताए

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 7 जुलाई. रेलवे के रनिंग स्टाफ एवं उनके परिवारजनों के लिए सेफ्टी सेमीनार एवं फैमिली संवाद कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को किया गया.**

इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (कर्षण परिचालन) सचिन शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में एवं डॉ. अभिषेक सोनी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. कार्यक्रम में लगभग 90 रनिंग कर्मचारी अपने परिवारजनों सहित शामिल हुए.




सेमीनार में वर्तमान में लागू सभी सेफ्टी ड्राइव जैसे एसपीएडी एवं माइक्रो स्लीप से बचाव, मानसून सावधानियाँ, शंटिंग एवं रोलिंग डाउन से बचाव, लोड की स्टैबलिंग आदि महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा की गई. वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर सचिन शर्मा ने सुरक्षित गाड़ी संचालन से जुड़े पहलुओं पर चर्चा और कर्मचारियों को सावधानीपूर्वक कार्य करने जागरूक किया.

डॉ. अभिषेक सोनी ने उपस्थित परिजनों को नियमित दिनचर्या, संतुलित आहार एवं योग के माध्यम से स्वस्थ रहने के उपाय बताए. इस अवसर पर रनिंग स्टाफ के परिजनों के लिए एक क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई. सही उत्तर देने वाले प्रतिभागियों को वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर द्वारा तत्काल पुरस्कार प्रदान किए गए.

कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि रनिंग स्टाफ एवं उनके परिवारजनों से उनकी समस्याओं की जानकारी लेकर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा उनका यथोचित समाधान भी मौके पर ही किया गया. उपस्थित बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप उपहार भी वितरित किए गए. वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि रेल प्रशासन कर्मचारियों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है. ऐसे आयोजनों से कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों को न केवल जागरूकता मिलती है, बल्कि कार्यस्थल पर उनकी दक्षता एवं आत्मविश्वास भी बढ़ाता है.

# 13 रेलकर्मी संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 7 जुलाई. रेलवे ने 13 ऐसे कर्मचारियों को सोमवार के दिन सम्मानित किया जिन्होंने अपनी सूझ-बूझ से बडे हादसों को टाला. ड्यूटी के दौरान सतर्कता, सूझ-बूझ एवं सजगता का परिचय देने वाले और संभावित असामान्य घटनाओं को टालने वाले इन रेलकर्मियों का सम्मान हुआ. इन कर्मचारियों को मण्डल रेल प्रबन्धक द्वारा मंडल कार्यालय में प्रशस्ति पत्र एवं नगद राशि भी दी गई.**

इन रेलकर्मियों ने अपनी सूझ-बूझ, सतर्कता एवं त्वरित कार्यवाही से गंभीर दुर्घटनाओं को रोकने का प्रशंसनीय कार्य किया है. इनके प्रयासों से न केवल रेल यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित हुई बल्कि रेलवे संपत्ति की भी सुरक्षा हुई. रेल प्रशासन कर्मचारियों के समर्पण, तत्परता एवं कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करता है.

**संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित रेलकर्मी**

1. देवेन्द्र चौहान, कॉटे वाला, नरमदापुरम
2. मिथुन सरोदे, उप स्टेशन प्रबंधक, मिसरोद
3. ऋषि पांचाल, कॉटे वाला, मिसरोद
4. गौरव भोसले, ट्रेन मैनेजर, सुरगांव बंजारी
5. अंकित सिंह चंदेल, गुड्स ट्रेन मैनेजर, इटारसी
6. दीपक कुमार पटेल, ट्रैकमेंटेनर-3, बानापुरा
7. पप्पू नाथ योगी, ट्रैकमेंटेनर-2, भोपाल
8. शाकूर खान, ट्रैकमेंटेनर-2, भोपाल
9. शिवनारायण, गेटमैन, ब्यावरा राजगढ़
10. नरेन्द्र, ट्रैकमेंटेनर-3, बीना
11. मुकेश कुशवाहा, ट्रैकमेंटेनर-4, ब्यावरा राजगढ़
12. दशरथ कुमार, लोको पायलट, इटारसी
13. गंगाराम कुशवाहा, सहायक लोको पायलट, इटारसी